दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 54 मुरादाबाद 17 June 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवाओं से सीएम योगी आदित्यनाथ की अपील, किसी के बहकावे में ना आएं



लखनऊ- सेना में संविदा पर भर्ती की प्रक्रिया अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदेश के युवाओं ने मोर्चा खोल दिया है। लम्बे समय से सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे इन युवाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी अपील की है। योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शन तथा विरोध कर रहे युवाओं को बड़ा भरोसा दिलाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सेना भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं से एक अपील की। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भारतीय सेना में भर्ती की नई प्रक्रिया अग्निपथ योजना आपके जीवन को नए आयाम प्रदान करने के साथ ही भविष्य को स्वर्णिम आधार देगी। इसी कारण आप लोग किसी बहकावे में ना आएं। इसको लेकर आज दिन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक ने ट्वीट कर कहा कि युवा साथियों, अग्निपथ योजना आपके जीवन को नए आयाम प्रदान करने के साथ ही भविष्य को स्वर्णिम आधार देगी। इसकी महत्ता को देखते हुए आप किसी बहकावे में न आएं। मां भारती की सेवा के लिए संकल्पित हमारे अग्निवीर राष्ट्र की अमूल्य निधि होंगे और त्तर प्रदेश सरकार अग्निवीरों को पुलिस व अन्य सेवाओं में वरीयता देगी। जय हिंद। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को दिन में बड़ी संख्या में युवा अग्निपथ के खिलाफ सड़कों पर उतर पड़े। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़कों को जाम कर दिया गया। दौरान प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने इस योजना को रद करने की मांग की और अग्निपथ योजना वापस लो के नारे भी लगाए। इससे पहले मायावती, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी वाड्रा तथा कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने अग्निपथ को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा।

## युवाओं का मनोबल गिरा रही है BJP, अखिलेश ने अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा पर साधा निशाना



केंद्र सरकार की सैन्य बलों में भर्ती की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। गुरुवार को बिहार में कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनों में आग लगा दी और पथराव किया। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैन्य बलों में भर्ती की नई योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश और देश के युवाओं के भविष्य के लिए घातक साबित होगी। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि देश की सुरक्षा कोई अल्पकालिक या अनौपचारिक विषय नहीं है, ये अति गंभीर व दीर्घकालिक नीति की अपेक्षा करती है। सैन्य भर्ती को लेकर जो खानापूर्ति करने वाला लापरवाही भरा रवैया अपनाया जा रहा है, वह देश और देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए घातक साबित होगा। अग्निपथ से पथ पर अग्नि न हो। एक अन्य ट्वीट में सपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के भावी सैन्य बलों पर बल का दुरुपयोग करके भाजपा सरकार युवाओं का मनोबल गिरा रही है। भारत माता का उद्घोष झूठे दिखावे का नहीं; सच्ची देशभक्ति का प्रतीक होना चाहिए। सेना का ठेकेदारीकरण देश और सच्चे देश भक्त युवाओं के लिए विश्वासघात के समान है। फोज आउटसोर्स का विषय नहीं है। इससे पहले, बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अग्निपथ योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। गौरतलब है कि केंद्र की इस नई योजना के तहत थलसेना, नौसेना और वायुसेना में इस साल करीब 46,000 सैनिक भर्ती किए जाएंगे। चयन के लिए पात्रता आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होगी और इन्हें अग्निवीर नाम दिया जाएगा।

## 'अग्निपथ' पर बवाल के बीच पीएम नरेंद्र से राहुल गांधी बोले- युवाओं के संयम की अग्निपरीक्षा मत लीजिए



केंद्र सरकार की ओर से थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सैनिकों की भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना का विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को बिहार के कई जिलों में सैकड़ों की संख्या में छात्र सड़क पर उतर आए। कई जगहों पर आगजनी की घटना भी देखने को मिली है। केंद्र की अग्निपथ योजना का हो रहे विरोध के बीच कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। केंद्र सरकार की योजना के विरोध के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेरोजगार युवाओं की आवाज सुनने और अग्निपथ पर चलने के लिए उनके धैर्य की अग्निपरीक्षा नहीं लेने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, न कोई रैंक, न कोई पेंशन, न 2 साल से कोई सीधी भर्ती, न 4 साल के बाद स्थिर भविष्य, न सरकार का सेना के प्रति सम्मान। देश के बेरोज़गार युवाओं की आवाज़ सुनिए, इन्हें अग्निपथ पर चला कर इनके संयम की अग्निपरीक्षा मत लीजिए, प्रधानमंत्री जी।

### प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

वहीं, कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं की आँखों में देशसेवा, माँ-बाप की सेवा, घर परिवार और भविष्य के तमाम सपने होते हैं। नई सेना भर्ती योजना उन्हें क्या देगी? 4 साल बाद न हाथ में नौकरी की गारंटी, न पेंशन की सुविधा= नो रैंक, नो पेंशन। प्रधानमंत्री जी युवाओं के सपनों को मत कुचलिए।

### क्या है योजना?

केंद्र सरकार ने दशकों पुरानी रक्षा भर्ती प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए तीनों सेनाओं में सैनिकों की भर्ती संबंधी अग्निपथ योजना की मंगलवार को घोषणा की, जिसके तहत सैनिकों की भर्ती चार साल के लिए संविदा आधार पर की जाएगी। योजना के तहत तीनों सेनाओं में इस साल करीब 46,000 सैनिक भर्ती किए जाएंगे। चयन के लिए पात्रता आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होगी और इन्हें अग्निवीर नाम दिया जाएगा।

## योगी सरकार पर ओपी राजभर का वार, बोले- सरकार को अदालत में लगा देना चाहिए ताला



समाजवादी पार्टी की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बृहस्पतिवार को योगी आदित्यनाथ पर बुलडोजर की आड़ में द्वेषपूर्ण व असंवैधानिक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार को यूपी में न्यायालयों पर ताला लगा देना चाहिए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजभर ने बृहस्पतिवार को जिले के रसड़ा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, योगी सरकार संविधान के विपरीत कार्य कर रही है। बुलडोजर की आड़ में द्वेषपूर्ण और असंवैधानिक कार्रवाई की जा रही है। योगी सरकार को उत्तर प्रदेश में न्यायालयों में ताला लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूर्व नेता नुपुर शर्मा के विवादित बयान के कारण देश में असामान्य परिस्थिति उत्पन्न हो गई है और खाड़ी देशों में रह रहे तकरीबन 90 लाख भारतीयों के समक्ष देश वापसी की नौबत आ गई है। राजभर ने कहा कि मोदी सरकार को नुपुर शर्मा को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। भाजपा का इस मसले पर कोई ध्यान नही है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पूछे जाने पर भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करने से इंकार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका दल विपक्ष के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। राजभर ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा की दो सीट पर हो रहे उपचुनाव में सपा उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है।

# नाबालिक बच्चों से मनरेगा सड़क पटाई में लिया जा रहा काम





प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- गौरतलब हो कि विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत जहां पर सरकार द्वारा बाल श्रम कानून के अंतर्गत नबालिक बच्चों से न काम लेने आआभढ के लिए ग्रामीणों में कैंम्प लगाकर जागरूक किया जा रहा है वहीं पर ग्राम प्रधान राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मनरेगा के अंतर्गत नबालिक बच्चों से सड़क की पटाई से लेकर मजदूरी का कार्य करा रहे हैं। कहीं पर जिम्मेदार ग्राम प्रधान जो ग्राम सभा का अध्यक्ष है वही सरकार के मनसां अनुरुप कार्य नहीं कर रहा है और ना ही करना चाहता है जब कि नबालिक बच्चो से कार्य को न कराना चहिए ।जानते हुए भी कि नाबालिक बच्चों से कार्य लेना कानूनी अपराध है काम नबालिक बच्चों से करने लेने से बाज नहीं आ रहे हैं ग्राम पंचायत बीरपुर लौकिहा के ग्राम प्रधान द्वारा नाबालिक बच्चों से सड़क की पटाई का कार्य कराया जा रहा है क्योंकि यह गांव संपूर्ण रूप से राप्ती नदी के कटान में समायोजित हो चुका है और जहां पर सड़क की पटाई की जा रही है वहां पर आवागमन नहीं है सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है बरसात में नदी में काफी बाढ़ आती है और सड़क का पता भी नहीं चलेगा कि की जगह पटाई गई थी बाढ़ आने पर सड़क बह जाएगी बालू खोद कर सड़क बनाई जा रही है इसलिए उसकी मजबूती भी नहीं रहेगी । वहां पर नदी के अंदर किसी का आना जाना नही होगा जिससे जनहित में न कार्य करके इस पर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए मनरेगा के अंतर्गत सड़क राप्ती नदी के अंदर पटवाई जा रही । बाढ़ पानी बहजायेगी मालूम होने के बावजूद भी उसे पटाया जा रहा है जो जिसमें ग्रामीणों का आना-जाना बिल्कुल नहीं है और प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं इस संबंध में गांव की गांव रामनरेश, पांचू ,विनोद कुमार ,रामगोपाल ,राकेश कुमार ,व अन्य ग्रामीणों ने तथा वरिष्ठ नागरिकों में जिलाधिकारी श्रावस्ती से जांच करवाने की मांग किया और सरकारी धन दुरुपयोग व बाल श्रम से कार्य कराने तथा मनरेगा कार्यों की विकास जांच कराने की मांग ग्रामीणों ने किया है।

# जमीनी विवाद को लेकर आंख में झोकी मिर्ची मामला दर्ज



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना - थाना इकौना ग्राम सोनरई मे सहन दरवाजे का निकास बंद करने को लेकर विरोध करने पर विपक्षियों ने मिर्ची का पाउडर आंख मे डालकर लाठी-डंडों से मारा पीटा जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।थाना इकौना की पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर डाक्टरी परीक्षण कराई गयी है । आपको बता दें कि मामला थाना इकौना ग्राम सोनरई निवासी राजेंद्र पुत्र श्याम लाल के सहन दरवाजे पर विपक्षि रामफेरन पुत्र गोबरे , गोबरे पुत्र जंग बहादुर व चिंताराम एक राय होकर राजेंद्र के सहन दरवाजे पर दीवाल उठा कर रास्ता बंद कर रहे थे ।जिसका विरोध करने पर विपक्षियों ने राजेंद्र 22 वर्ष व अर्जुन 31वर्ष पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम सोनरई के ऊपर मिर्ची का पाउडर डालकर लाठी व डंडे से मारकर गंभीर रूप से सिर व शरीर को घायल कर दिया । जिससे दोनों भाई राजेन्द्र व अर्जुन खून से लथपथ हो गए । थाना प्रभारी निरीक्षक ने घायल राजेंद्र की तहरीर पर विपक्षी राम फेरन सहित तीन लोगों के विरुद्ध मिर्ची का पाउडर आंख में डालने व लाठी डंडे से मारपीट कर खून से लथपथ करने की तहरीर दी गई है । पुलिस ने दोनों घायल की डाक्टरी परीछण कराकर मारपीट गाली गलौज का मुकदमा दर्ज किया गया है । थाना इकौना की पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है ।

# शादी का झांसा देकर अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- मामला थाना मरवाही क्षेत्र का है आरोपी के द्वारा 21/12/2020 को नाबालिग बालिका को विधि पूर्ण संरक्षता से ले जाकर व्यपहरण कारित कर उसे विवाह का झूठा प्रलोभन देकर उसके साथ अनैतिक कृत्य किया था। थाना मरवाही में अपराध क्रमांक 157/20 धारा 363 कायम कर विवेचना किया गया। दौरान विवेचना के अपहृत बालिका को आरोपी ओम प्रकाश नेताम पिता अभिराज सिंह नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी चिल्हन टोला गुल्ली डाँड़ के कब्जे से बरामद कर विधिसम्यक कार्यवाही उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि एवं 4-6 पास्को एक्ट के तहत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया था इस मामले में पेंड्रारोड की विशेष अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती किरण थवाईत ने दिनाँक 15/6/2022 को फैसला सुनाते हुए आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।. साथ ही आरोपी को एक हजार रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाया गया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक श्री पंकज नगाइच के द्वारा की गई है साथ ही मामले की विवेचना उप निरीक्षक रोहित खुटे के द्वारा की गई है।

# फोर्टिफाइड चावल पोषक तत्वों से है भरपूर ,राशन कार्ड धारी नहीं हो भ्रमित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धारकों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल पोषक तत्वों के गुणों से भरपूर है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड एवं विटामिन बी-12 भरपूर मात्रा में मौजूद है। इन पोषक तत्वों से एनीमिया से बचाव होने के साथ ही भ्रूण विकास, खून निर्माण और नर्वस सिस्टम के संचालन बेहतर ढंग से होता है। कुछ राशन कार्ड धारकों में फोर्टिफाइड चावल प्लास्टिक चावल के समान प्रतीत होने की भ्रम की स्थिति है, जो कि उचित नहीं है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने फोर्टीफाइड चावल में पोषक तत्व मौजूद होने तथा सेहत के लिए फायदेमंद होने की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों को परिपत्र जारी किया है। उन्होने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास तथा सभी खाद्य निरीक्षकों को फोर्टीफाइड चावल वितरण और उसके फायदे के बारे में प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। फोर्टीफाइड चावल का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा, कोरबा, महासमुंद, राजनांदगांव, रायगढ़, एवं कबीरधाम जिले में और मध्यान्ह भोजन योजना एवं पूरक पोषण योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। कलेक्टर ने फोर्टीफाइड चावल के फायदों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, पंचायत सचिवों एवं शासकीय विद्यालयों के माध्यम से राशनकार्ड धारियों, ग्रामीणों एवं छात्रों को अवगत कराने कहा है। उन्होने कहा है कि ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर फोर्टिफाइड चावल के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके लाभों के बारे में बताने और पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने कहा है।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# तहसील इकौना सभागार में राशन कार्ड मेगा कैंप का आयोजन संपन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना तहसील के सभागार मे राशन कार्ड मेगा कैंप का आयोजन खाद एवं रसद विभाग द्वारा राशन कार्ड पात्र लाभार्थी 6 लोगों को तत्काल राशन कार्ड बनाकर वितरण किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पंडित राम फेरन पांडे रहे उन्होंने तहसील इकौना के सभागार में पहुंचकर राशन कार्ड लाभार्थी को राशन कार्ड वितरण किया गया उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों पर अपात्र लाभार्थियों का जिले के प्रत्येक तहसील में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से अपात्र राशन कार्ड धार को के द्वारा अपनी स्वेच्छा से राशन कार्ड कटाने के लिए तहसील में पहुंचकर अपना राशन कार्ड कटवाया और जो गरीब पात्र राशन कार्ड धारक हैं उनको अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा गांव गांव में जाकर कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों का राशन कार्ड बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गरीब परिवार का जीविकोपार्जन हो सके। उप जिला अधिकारी आरपी चौधरी ने बताया की इकौना तहसील के आपूर्ति विभाग में अब तक के 1000 अपात्र राशन कार्ड धारकों ने अपनी स्वेच्छा से अपना नाम राशन कार्ड से कटवाया है उक्त अवसर पर पूर्ति अधिकारी संजय तिवारी अजीत तिवारी ओम प्रकाश द्विवेदी बिन्नू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अग्निपथ स्कीम: ना पेंशन, ना ग्रेच्युटी... युवाओं को क्यों नहीं सरकार के वादे पर भरोसा?



हाल ही में एक वेब सीरीज रिलीज हुई थी, पंचायत। सीरीज के आखिरी एपिसोड में उप-प्रधान प्रहलाद का फौजी बेटा शहीद हो जाता है। उसके अंतिम संस्कार को कवर करने दो पत्रकार आते हैं। इस दौरान पंचायत ऑफिस में बातचीत के दौरान एक पत्रकार कहता है कि तीस-चालीस हजार में जान देने वाले और कहां मिलेंगे? बात भी बिलकुल सही है। सेना में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा मध्यम और निम्न मध्यम परिवार से आते हैं। फिर पिछले दो सालों से सेना में भर्ती का इंतजार क्योंकि कोरोना के बाद दो साल से सेना में भर्ती नहीं निकली। इन दो सालों में हर दिन सेना में भर्ती होने की आस में सुबह-सुबह दौड़ लगाने और दिन रात एक कर पढ़ाई करने वाले युवाओं का आज गुस्सा फूट पड़ा। वजह है केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना जिसके तहत सेना में सिर्फ चार साल के लिए भर्ती होगी। यूपी-बिहार के लाखों युवाओं के मन में अग्निपथ स्कीम को लेकर रोष है। यही रोष अब उपद्रव में बदल चुका है जिसकी वजह से कई ट्रेनों में आगजनी और तोड़फोड़ हो रही है। युवाओं के गुस्से की सबसे बड़ी वजह ये है कि सेना में भर्ती होने के लिए जी-जान से मेहनत के बाद अगर उनका सिलेक्शन हो भी गया तो सिर्फ चार साल की नौकरी मिलेगी तो उसका क्या फायदा? सरकार का कहना है कि अग्निवीरों को चार साल की नौकरी के बाद अर्धसैनिक बल समेत दूसरे विभाग में नौकरियां मिलेगी लेकिन युवा सरकार के इस वादे से संतुष्ट नहीं हैं। युवाओं की चिंता का सबसे बड़ा कारण ये है कि चार साल की सर्विस के बाद वो क्या करेंगे? चार साल बाद उन्हें जबरन रिटायर कर दिया जाएगा। इस दौरान ना उन्हें ग्रेच्युटी मिलेगी ना पेंशन। आगे की जिंदगी कैसे चलेगी? सरकार आगे की नौकरी का आश्वासन दे रही है लेकिन युवाओं को भरोसा नहीं है। युवाओं को डर है कि चार साल बाद वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। यही वजह है कि युवा उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सरकार की अग्निवीर स्कीम से क्या दिक्कत?

सरकार ने पहली बार सेना में भर्ती के लिए इस तरह की स्कीम लॉन्च की है जिसे अग्निपथ नाम दिया गया है। इस योजना के तहत चार साल के लिए जवानों की भर्तियां होंगी। इस योजना के तहत हर साल 17 से 21 साल तक के 40 से 50 हजार युवाओं की भर्ती होगी। मेरिट और मेडिकल आधार पर ये भर्तियां होंगी। इस योजना के मुताबिक सैनिकों को 6 महीने की मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले साल 30 हजार प्रति माह की सैलरी मिलेगी। दूसरे साल 33 हजार, तीसरे साल 36,500 और चौथे साल 40 हजार सैलरी मिलेगी। चार साल बाद इन सभी अग्निवीरों की सेवाएं खत्म हो जाएगी और फिर नए सिरे से भर्तियां होंगी। योजना के मुताबिक चार साल पूरे होने पर 25 फीसदी अग्निवीरों को स्थाई काडर में शामिल किया जाएगा। युवाओं की चिंता की सबसे बड़ी वजह ये है कि बाकी के 75 फीसदी अग्निवीर जिन्हें रिटायर किया गया है उनका क्या होगा?

# जुमे की नमाज के एक दिन पूर्व गुरुवार शाम दंगाईयों से निपटनें के लिए मॉक ड्रिल किया

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





फर्रुखाबाद-बीते दिनों पूर्व बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा दिये गये बयान के बाद प्रदेश में कई जगह उपद्रव हुआ. जिससे शासन अब सख्त है लिहाजा जुमे की नमाज के एक दिन पूर्व गुरुवार शाम दंगाईयों से निपटनें के लिए मॉक ड्रिल किया. जिसमे दंगा नियंत्रण, बलवा नियंत्रण का मॉक ड्रिल अभ्यास किया तथा दंगाई से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए गए। शहर के क्रिश्चियन कालेज मैदान में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप आदि के साथ थाना कमालगंज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, मऊदरवाजा आदि कई थानों की पुलिस को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया7 जिसमे दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों के इस्तेमाल से मॉक ड्रिल अभ्यास कराया। एसपी ने पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न टिप्स दिए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तीतर-बीतर करने, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन आदि शस्त्रों को चलवाया। इसके बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए शहर में डीएम-एसपी ने फ्लेग मार्च किया. इस दौरान सीओ अरुण कुमार, प्रशिक्षु सीओ अंजली राय आदि रहे

# कलेक्टेड्ढ में 21 जून 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेड्ढ सभागार में अमृत योग सप्ताह एवं अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के सफल आयोजन हेतु बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि 14 जून से प्रारम्भ होकर 21 जून को योग दिवस सप्ताह का समापन होगा। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 पर 8 लाख प्रतिभागियों को जोडे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सामूहिक अभ्यास कार्यक्रमों की रुपरेखा निर्धारित करते हुए कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन सुनिश्चित कराया जाये। आयोजन से संबंधित तस्वीरों को आयुष कवच ऐप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से साझा किया जाये, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों की प्रेरणा लेकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम रेलवे स्टेडियम, सोनकपुर स्टेडियम एवं कंपनी बाग के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्पन्न होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आयुष कवच ऐप पर योग कार्यक्रम अपलोड करते रहें लक्ष्य प्राप्त करना ही उद्देश्य नही बल्कि लोगों को भी जागरुक करना है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, पंचायतीराज, नगर निगम आदि विभागों का योगा लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ यह कार्यक्रम किया जा रहा है, सभी का सहयोग अपेक्षित है। जिन संस्थाओं/विभागों द्वारा अच्छा योगाभ्यास किया जायेगा उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी योगा किया जाये उसे आयुष कवच ऐप पर अवश्य अपलोड किया जाये। 21 जून को बडे पैमानें पर योगा का कार्यक्रम आहूत किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन ने कहा कि 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर उत्तर प्रदेश के लिए 3.5 करोड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और जनपद मुरादाबाद का 8 लाख लोगों को इस कार्यक्रम से जोडे जाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास व्यर्थ न जाये, जितना भी योगा का कार्यक्रम किया जाये उसे आयुष कवच ऐप पर अपलोड अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छात्र/छात्राओं द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी सफलता मिलेगी। अतः जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी छात्र/छात्राओं तक यह संदेश पहुंचायें। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योगाभ्यास से ग्राम प्रधानों को जोडा जाये और एक-एक ग्राम प्रधान द्वारा 100 व्यक्ति को जोड़ें, ताकि योगा कार्यक्रम के साथ ही लक्ष्य भी पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा जो भी योगा का कार्यक्रम करें, उसे व्हाट्सएप ग्रुप पर अवश्य शेयर करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, सिटी मजिस्टेड्ढ एमपी सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, जिला अर्थसंख्याधिकारी मो0 परवेज, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, एआरटीओ प्रशासन छवि सिंह, युवा कल्याण अधिकारी नरेश चैहान, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 आलोक कुमार मिश्रा, जिला योग प्रशिक्षक गौरव त्यागी एवं विभिन्न एनजीओ के सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Became the ministry of hill development

The Chief Secretaries' conference in Dharamsala is like a new meeting with the nation to infuse new energy into the administrative thought of the country and Himachal will get an opportunity to express its difficulties by being hospitable to it. This Himachal tour of the country's Prime Minister Narendra Modi, with the eagerness to run the country on a big road map, can be such an interview with the mountain spirit that will change all the parameters in the coming times. Mountain administration has its limitations also because here national policies have been creating ad hocism, while the meaning of national uplift becomes narrow. After the establishment of NITI Aayog, Dharamshala Manthan can expand its role regarding the need for the decoration of the schemes. It is obvious that when about 206 senior bureaucrats of the country, including the Chief Secretaries of 36 states and officials of NITI Aayog, prepare a blueprint for the next 25 years, then the resolution will also be ready to see a new century or new light in the Indian perspective. Although India needs every special and common, rural and urban, political and administrative, farmer and horticulturist and new education and new experiments to move forward, yet there is a need for transparency between the Center and the states, urban and rural bodies and various departments. There needs to be harmony. To ensure the participation of every state and every citizen in the national goals, there is a need to change the whole pattern. Many schemes may be effective for big states or backward and plain states, but their utility may not be so successful for small or hilly states. Similarly, the current priorities of national research and studies, while working on a larger canvas, forget that the needs of the mountainous regions are different. Even while preparing the national map of development, the policy makers of the country tend to forget that there should be separate criteria of development and financial assistance for geographically hill states, technically international scale and different basis of 'feasibility'. Himachal gets neglected as compared to Jammu and Kashmir or North-Eastern states in view of the amount of national resources devoted to disturbed areas even in mountainous states. On the one hand, major rail projects reach the Kashmir Valley, while on the other hand Himachal, which is built on the foundation of a peaceful state, has to lag in the allocation of national progress. In such a situation, if the hill states are to be given justice under the central policies, programs and budgetary provisions, then a separate Ministry of Hill Development will have to be formed with immediate effect. The life of the mountain is different from the nation, so the youth and water of the mountain is being lost for centuries. mountain forests? If half of the land remains forest and half is normal for living in Himachal, then a new blueprint of economy can be made on it. Crops like tea, coffee, herbs and canaf should be grown under the forests and economic resources of new Himachal can be developed in its availability by reducing the forest land in low-lying areas to the extent of fifty percent. All this will happen only if a separate Ministry of Hill Development is formed to overcome the economic, social, cultural, natural and geographical disparities of the hilly regions.

# There will be a death in Anupama serial, will the popular character depart from the show?

Anupama is a popular TV show. In this, such twists keep coming every day, which keep people tied to this serial. Some track of the serial entertains the audience for a long time and some twists also bring sorrow. Anupama's second marriage took place in the recent serial. People liked this track very much. According to the latest update, sorrow is going to come again in Anupama's life. According to reports, Anupama's daughter-in-law Kinjal i.e. Nidhi Shah is going to die in the show and she will say goodbye to the serial. Will the journey of 2 years be complete? - Ups and downs keep going on in life. The Anupama's makers come up with some or the other shocking twists to engage the audience in this show. Now there is news that Anupama's daughter-in-law Kinjal will have a car accident. After this accident, such a situation will be created that doctors will say that only one of the mother or child can be saved. With this, Kinjal will die and Nidhi Shah's two-year-long journey from the show will be completed. Will you be seen with Mohsin Khan? - Although there is no official statement from Nidhi about this but there are reports that she has got a better offer. It is being told that she is going to be seen in a project with Mohsin Khan of Yeh Rishta Kya Kehlata. By the way, Kinjal i.e. Nidhi Shah is a popular character of Anupama. The audience will be sad if he is not seen in the show.



# Mithun Chakraborty's daughter-in-law Madalsa Sharma blows away her senses along with her boldness,

## Anupama is playing this character in the show

Veteran actor Mithun Chakraborty, who has made everyone dance to his tune with songs like 'Jimmy-Jimmy' and 'Disco Dancer', is celebrating his 72nd birthday on June 16. Mithun Chakraborty is constantly active in his work. But where Mithun Chakraborty still makes everyone crazy with his charm on one side, Mithun Chakraborty's daughter-in-law Madalsa Sharma beats everyone not only with her beauty but also with her boldness. Mithun Chakraborty's daughter-in-law Madalsa looks very beautiful - Mithun Chakraborty's son Mahaakshay (Mimoh Chakraborty)'s wife is very active on social media. She often wins the hearts of fans with her beautiful pictures. Madalsa is seen as the second lead actress in StarPlus' No 1 show 'Anupama'. She is playing the role of Kavya in the show. Which is a negative character. She shares many fun-filled and romantic videos from the sets of the show with her on-screen love Vanraj aka Sudhanshu Pandey, which her fans are very fond of. Beats big actresses in boldness and hotness- 'Disco Dancer' Mithun Chakraborty's daughter-in-law Madalsa has a very good fan list on social media. He has more than 1 million followers. Indian or Western, she carries every outfit very well. Madalsa's Instagram is full of bold and glamorous pictures. Sometimes she wears a bikini on the beach and sometimes raises the mercury of the internet in a strapless dress. Shares good bonding with father-in-law Mithun Chakraborty- Madalsa Sharma shares a good bonding with her father-in-law Mithun Chakraborty. She never misses any chance to praise her father-in-law Mithun Chakraborty. Mithun also loves his daughter-in-law like a daughter. A few months back,



# पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में आयोजित हुई पुलिस पेंशनर्स की मीटिंग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एसएसपी एटा ने सभी पेंशनर्स की समस्याओं और सुझावों को सुनते हुए संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश ,दिनांक 16.06.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी आयोजित की गयी। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, सूबेदार श्री सतबीर सिंह तथा पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अध्यक्ष श्री रामनिवास यादव, कोषाध्यक्ष श्री रनवीर सिंह तथा अन्य रिटायर्ड पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उपस्थित सभी पेंशनर्स से उनका परिचय लेते हुये उपस्थित पुलिस अधिकारियों का परिचय भी कराया गया। गोष्ठी के दौरान पेंशनर्स द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के समक्ष अपनी समस्याऐं तथा सुझाव रखें गये। जिसमें मुख्यत: रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के पुलिस कार्यालय परिसर में पेंशन कक्ष के होने तथा पुलिस पेंशनर्स के शस्त्र लाइसेंस, वारिसान में तब्दील कराये जाने की बात रखी गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस पेंशनर्स के वेलफेयर हेतु अन्य सुझाव भी रखे गये। उपस्थित पेंशनर्स द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के समक्ष प्रतिमाह पेंशनर्स मीटिंग करने का सुझाव भी रखा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उपस्थित पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पेंशनर्स के दिये गये सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु आश्वासन दिया गया।

## परिवार परामर्श केंद्र एटा ने काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े एक परिवार को जोड़ा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उ0प्र0 शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान बचपन बचाओ आंदोलन के क्रम में *श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह, के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेह के पर्यवेक्षण में थाना सकीट, एएचटीयू0, डायरेक्टर चाईल्ड लाइन कासगंज श्री हरिओम वर्मा एवम टीम तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री यादवेंद्र विक्रम की संयुक्त टीम द्वारा सकीट कस्बे में संचालित संचालित ढाबा, काराखाना, ऑटो पार्ट्स/एजेन्सी, मॉल,रेस्टोरेंट, आदि दुकानों की चेकिंग की गयी तथा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष के कम आयु के बच्चों को नोकरी पर न रखें । चेकिंग के दौरान बाल श्रम करते हुए पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी है तथा महिलाए व बच्चो को जागरूक किया गया

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी की घटना में वांछित चल रही एक अभियुक्ता गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 15.6.2022 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता श्रीमती मीरा देवी पत्नी जयवीर सिंह उर्फ राजवीर निवासी हिन्दूनगर थाना कोतवाली नगर एटा सम्बन्धित मु0अ0सं0 922/21 धारा 60, 60(2) आबकारी अधिनियम व 272/273 भादंवि को उसी के घर के पास गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## 02 अभियुक्तगणों को, अवैध असलाह कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना निधौली कलां पुलिस को मिली सफलता, थाना निधौली कलां पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तगणों को, अवैध असलाह कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना निधौली कला पुलिस द्वारा दो अभियुक्त गणों को अवैध असलाह कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 16.06.2022 को थाना निधौली कलां पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्त गणों को एक अवैध तमंचा व चार जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी की घटना में वांछित चल रही एक अभियुक्ता गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 15.06.2022 को समय करीब 13.30 बजे मुखबिर की सूचना पर घिलौआ रोड पर लालपुर के पास थाना कोतवाली नगर एटा से एक अभियुक्त विनीत पुत्र हजारीलाल निवासी लालपुर थाना कोतवाली नगर एटा को 410 ग्राम डायजापाम के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 398//2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को मातृ शोक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह की माताजी के आकस्मिक निधन पर बुधवार को कलक्ट्रेट प्रांगण में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार के धैर्य हेतु ईश्वर से कामना की। जिलाधिकारी ने कहा किएडीएम वित्त एवं राजस्व की माता का असमय देहान्त होना हम सभी के लिए बड़े दुख की बात है, ईश्वर उनकी माताजी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार, अपर उप जिलाधिकारी रामनयन, प्रशासनिक अधिकारी राजेश शर्मा, डीजीसी जितेन्द्र सिंह, कलक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के पटल कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

## तहसील एटा सदर क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के तहत शराब माफिया अजय यादव की सम्पत्ति कुर्क कर जब्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मा0 मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के आदेशानुसार शराब माफिया अजय यादव निवासी कोइना थाना बागवाला तहसील एटा सदर की भूमि गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 के अंतर्गत उप जिलाधिकारी सदर शिव कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर कुर्क की गई। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तहसील एटा सदर क्षेत्र के अन्तर्गत अभियुक्त अजय यादव उर्फ अर्जुन पुत्र रामवृक्ष यादव निवासी ग्राम कोइना के गाटा संख्या 1695 स रकबा 0.077 हैक्टेयर भाग अन्तर्गत धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट में कुर्क कर जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि माफियाओं के विरूद्ध यह कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कालू सिंह, तहसीलदार सदर चन्द्र प्रकाश सिंह, कानूनगो, लेखपाल, पुलिसबल, क्षेत्रीय ग्रामीणजन आदि मौजूद रहे।

## अभियान बचपन बचाओ आंदोलन के तहत थाना सकीट कस्बे में चेकिंग कराई गई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उ0प्र0 शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान बचपन बचाओ आंदोलन के क्रम में *श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह, के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेह के पर्यवेक्षण में थाना सकीट, एएचटीयू0, डायरेक्टर चाईल्ड लाइन कासगंज श्री हरिओम वर्मा एवम टीम तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री यादवेंद्र विक्रम की संयुक्त टीम द्वारा सकीट कस्बे में संचालित संचालित ढाबा, काराखाना, ऑटो पार्ट्स/एजेन्सी, मॉल,रेस्टोरेंट, आदि दुकानों की चेकिंग की गयी तथा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष के कम आयु के बच्चों को नोकरी पर न रखें । चेकिंग के दौरान बाल श्रम करते हुए पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी है तथा महिलाए व बच्चो को जागरूक किया गया

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर प्रतिदिन लग रहा पुलिस का ग्राम चौपाल

रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु ग्रामों में चलित थाना व ग्राम चौपाल लगाकर आमजनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभव उसका मौके पर ही निराकरण करने, वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धोखाधड़ी से आमजनता को जागरूक करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार, 15 जून 2022 को थाना ओड़गी पुलिस के द्वारा ग्राम छतरंग में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी के द्वारा ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दी गई। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए चलाए जा रहे समर्पण अभियान के बारे में मौजूद नागरिकों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों को समर्पण अभियान से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कुआं में गिरने से होने वाले जनहानि को रोकने के लिए कुआं में मुडेर (अहाता) निर्माण कराने की समझाईश दी गई। जन चौपाल में मौजूद नागरिकों को अवैध कार्यो, सामाजिक बुराईयों की सूचना सूरजपुर पुलिस के संवाद नंबर 7999161672 पर देने की अपील की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत छतरंग सरपंच हीरोबाई सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।



# परिवार से बिछड़े को परिवार से मिलाने सूरजपुर पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

**थाना ओड़गी पुलिस ने 3 महिला व 1 पुरूष को किया दस्तयाब**

रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के द्वारा चलाए जा रहे ''आपरेशन मुस्कान'' के तहत् गुम इंसान की दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान के तहत थाना ओड़गी पुलिस ने 3 महिला व 1 पुरूष की पतासाजी कर दस्तयाब करते हुये उनके परिजनों/वारिसानों को सौंपा गया। पुलिस के इस अभियान से अपनों के गुम होने से परेशान परिजनों के चेहरे की खोई खुशी लौट गई। लंबे समस से उनकी तलाश के लिए परिजन परेशान रहते थे लेकिन पुलिस के सामने जानकारी आने के बाद उसे गंभीरता से लेते हुए ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत उनकी परेशानियों को दूर करने का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना ओड़गी की पुलिस ने अभियान चलाकर दिगर राज्य उत्तरप्रदेश, जिला बलरामपुर, सरगुजा से गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया। गुम इंसान की खोजबीन के लिए मजबूत सूचना तंत्र के साथ-साथ नई तकनीकी की भी मदद ली गई। जिले की पुलिस के द्वारा गुम इंसान की लगातार पतासाजी कर दस्तयाबी कार्यवाही की जा रही है। गुम इंसान की शिकायत मिलने पर तत्काल उसे ढूंढक़र परिजनों तक पहुंचाने के लिए सूरजपुर पुलिस तत्परता के साथ कार्य कर रही है।




# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शाला प्रवेशोत्सव का किया शुभारंभ

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही,-मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा को नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नई ऊर्जा एवं नए उत्साह के साथ अध्ययन एवं अध्यापन के लिए प्रोत्साहित किया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर आज जिले के शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. के के ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की उपस्थिति में तिलक लगाकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। नवप्रवेशित बच्चों को गणवेश और पुस्तक वितरण भी किया गया। इसके साथ ही सरस्वती सायकल प्रदाय योजना के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय के कक्षा 9 वीं के 28 छात्राओं को सायकल भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मरवाही विधायक डॉ. ध्रुव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और उनके पालकों को शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य होते है इसलिए स्कूलों में शिक्षा दान के कार्य को पूरी कर्तव्यनिष्ठा से करना चाहिए। उन्होने जिले में आत्मानंद स्कूल सहित अन्य स्कूलों के संचालन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय ने बताया कि आज सुबह 10.30 बजे जिले के सभी स्कूलों के संचालन की शुरूआत की गई और विद्यार्थियों को गणवेश तथा किताबों का वितरण किया गया।



- जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मल्टीपर्पस स्कूल में आयोजित
- नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत के साथ ही गणवेश और पुस्तक वितरित

उन्होने बताया कि 15 जुलाई तक सभी स्कूलों में प्रवेश दिया जाना है तथा जिले में बच्चों के विकास के लिए नियमित अध्यापन कार्य कराया जाएगा। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर श्याम, जनपद पंचायत गौरेला अध्यक्ष सुश्री ममता पैकरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# विनोद कुमार सोनवानी को मिला संत सेन जी समाजविर आवार्ड का पुरस्कार



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले मे कबीर दास जी के जयंती पर समता साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य लेख, सामाजिक कार्य तथा कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें प्रदेश भर से कला, साहित्य, लेखन तथा समाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मणिपुर की राजधानी इंमफाल से आये अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार लांजीत सिंह के मुख्य अतिथि तथा प्रदेश अध्यक्ष जी आर बंजारे, मुरारी साहु, लोक कलाकार ह्रदय प्रकाश अनंत के उपस्थिती मे सम्पन्न हुआ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार भुषण पटेल द्वारा कबीर वाणी प्रस्तुत किया गया। काव्यकारो द्वारा काव्य पाठ किया गया। सरगुजा अंचल से साहित्य तथा समजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समाजिक कार्यकर्ता विनोद सोनवानी जी को वर्ष 2022 का संत सेन जी समाजविर के राजकिय सम्मान पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के साहित्यकार, कला और संस्कृति तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्ती उपस्थित रहे।